# नगर पालिक निगम भिलाई

## मासिक पत्रिका
## सितम्बर 2022




नगर पालिक निगम भिलाई

# आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने नंदनी रोड के पास हुए अतिक्रमण को हटाने के दिए निर्देश

भिलाई नगर/ नगर निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने आज वार्ड क्रमांक 37 एवं वार्ड क्रमांक 34 के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण कर शहर में साफ सफाई व्यवस्था तथा अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निगम आयुक्त ने आज प्रातः 6:00 बजे अपने नियमित भ्रमण के दौरान अचानक वार्ड क्रमांक 37 नंदनी रोड के चौरसिया होटल नहर से होते हुए ताड़ी लाइन वार्ड क्रमांक 34 वीर शिवाजी चौक तक का निरीक्षण किया। चौरसिया होटल के पास भारी मात्रा में उपयोग किए जा रहे पानी पाउच एवं डिस्पोजल तथा प्रतिबंधित प्लास्टिक पर कार्रवाई करने के निर्देश उन्होंने मौके पर दिए। निरीक्षण के दौरान रास्ते में एक दुकानदार द्वारा गन्ना मशीन सड़क पर रखकर व्यवसाय किया जा रहा था जिससे आने जाने वालों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था जिस पर निगमायुक्त ने गन्ना मशीन को अपने दुकान के दायरे में रखकर व्यवसाय करने हिदायत दी।आयुक्त ने कहा कि जल जनित बीमारियों की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए बेहतर उपाय जारी रहे। आयुक्त के निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त येशा लहरें, जोन स्वास्थ्य अधिकारी सुदामा परघनिया, स्वच्छता निरीक्षक वीरेंद्र बंजारे, सब जोनल विनोद आदि मौजूद रहे।



# भिलाई निगम ने प्रतिबंधित प्लास्टिक एवं सिंगल यूज प्लास्टिक को लेकर 41 दुकानों पर की कार्रवाई

भिलाई नगर / भिलाई निगम शहर को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए लगातार बाजार क्षेत्रों एवं दुकानों में निरीक्षण कर प्रतिबंधित प्लास्टिक एवं सिंगल यूज प्लास्टिक पर जब्ती के साथ ही जुर्माने की कार्रवाई कर रही है इसी तारतम्य में 41 दुकानों में कार्रवाई करते हुए 20500 रुपए जुर्माना वसूल किया गया। भिलाई निगम क्षेत्र अंतर्गत सिंगल यूज प्लास्टिक से बने उत्पादों को पूर्णरूप से प्रतिबंधित कर दिया गया है। निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने प्रतिबंधित प्लास्टिक एवं सिंगल यूज प्लास्टिक पर कार्रवाई करने के लिए टीम का गठन किया है। अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी के निर्देश पर प्रतिबंधित प्लास्टिक एवं सिंगल यूज प्लास्टिक पर कार्यवाही अभियान लगातार जारी है। प्रत्येक जोन में अलग-अलग जगहों पर दुकानों, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में छापेमार कार्रवाई की जा रही है। जहां भी सिंगल यूज प्लास्टिक व प्रतिबंधित प्लास्टिक का विक्रय करते हुए पाया जा रहा है वहां इसे जब्ती करते हुए जुर्माना भी वसूला जा रहा है। उल्लेखनीय है कि महापौर नीरज पाल ने भी प्रतिबंधित प्लास्टिक एवं सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने की अपील शहरवासियों से की है।



# भिलाई में इंडियन स्वच्छता लीग अंतर्गत होंगे स्वच्छता कार्यक्रम

भिलाई नगर/ भिलाई में युवाओं के नेतृत्व में कचरा मुक्त शहर के निर्माण के लिए इंडियन स्वच्छता लीग का आयोजन किया जा रहा है, देश में यह पहली इंटरसिटी प्रतियोगिता है। जिसमें शहर के नागरिकों जनप्रतिनिधियों, धार्मिक गुरुओं, गैर सरकारी संगठन, स्वयं सहायता समूह, युवा समूह, प्रतिष्ठित व्यक्तियों को शामिल होने का मौका मिल रहा है। दिनांक 16 सितंबर 2022 शाम 6:00 बजे तक पंजीयन हो जाने के पश्चात दिनांक 17 सितंबर 2022 को प्रातः से इसका आयोजन होगा। निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने इसका आदेश प्रसारित कर दिया है। उल्लेखनीय है कि महापौर नीरज पाल के निर्देश पर शहर में स्वच्छता को लेकर लोगो को जागरूक किया जा रहा है, स्वच्छता के लिए महापौर ने अधिकारियों को विशेष निर्देश दिए हैं। वही जनमानस को भी स्वच्छता से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। भारतीय स्वच्छता लीग प्रतियोगिता में शामिल होकर विजेता बनने वाले प्रतिभागियों को राष्ट्रीय कार्यक्रम में आमंत्रित किया जाएगा। 10 सर्वश्रेष्ठ टीमों का मूल्यांकन इसके लिए होगा। शहर की टीमों में शामिल होने के लिए युवाओं को प्रेरित करने के लिए शहर के मशहूर हस्तियों, प्रतिष्ठित खेल हस्तियों, युवा नेताओं, पर्यावरण प्रभावित आदि जैसे ब्रांड एंबेसडर के साथ जुड़ सकते हैं।स्वच्छता से संबंधित कोई भी गतिविधियां जो अच्छी हो और शहर हित के लिए हो, पर्यावरण के लाभदायी हो ऐसी गतिविधियां प्रतियोगिता में शामिल होगी। भिलाई निगम ने प्रतियोगिता के लिए टीम का नाम हमर भिलाई रखा गया है। भिलाई निगम स्वच्छता की दिशा में लगातार अच्छा कार्य कर रहा है और अधिक से अधिक लोगों को स्वच्छता से जोड़ने का प्रयास निगम द्वारा किया जा रहा है। भिलाई को स्वच्छता की दिशा में आगे ले जाने के लिए शहर के लोगों में जागरूकता लाने का प्रयास जारी है।



# पावर हाउस फल एवं सब्जी मार्केट का निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने किया निरीक्षण, मार्केट को व्यवस्थित करने तथा पार्किंग व्यवस्था बनाने अधिकारियों को दिए निर्देश

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने आज तड़के सुबह पावर हाउस मार्केट का निरीक्षण किया। वे वहां पर फल मंडी एवं सब्जी मंडी मार्केट के विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचे। पावर हाउस चौक के पहले बाए साइड में ठेले और गुमटियों के माध्यम से फल आदि का व्यवसाय किया जाता है। बाजार क्षेत्रों में सुबह से शाम एवं रात तक कचरा का फैलाव हो जाता है इसको देखते हुए रात्रि में इन कचरा को हटाने का काम स्वच्छता कर्मचारियों के द्वारा किया जाता है। वही दिन में भी सुबह सुबह मार्केट क्षेत्रों की विशेष साफ सफाई की जाती है। बापू नगर तालाब का निरीक्षण, एजेंसी को नोटिस जारी करने के दिए निर्देश आयुक्त ने बापू नगर तालाब का निरीक्षण किया इस दौरान उन्हें सोलर लाइट बंद पड़ी मिली। आयुक्त को जानकारी मिली कि एक लाइट खराब होने के कारण एजेंसी के द्वारा बाकी लाइटों को भी संधारण के नाम पर निकाल दिया गया है और दोबारा नहीं लगाया गया है, इस पर उन्होंने नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि 1 सप्ताह के भीतर सभी लाइट लग जानी चाहिए। इसके लिए उन्होंने संबंधित एजेंसी को नोटिस जारी करने के निर्देश जोन आयुक्त अमिताभ शर्मा को दिए हैं। निर्देश के दूसरे दिन ही बापू नगर तालाब की लाइटों का संधारण काम प्रारंभ कर दिया गया और तालाब की सफाई भी कराई गई।



# इंडियन स्वच्छता लीग के अंतर्गत हमर भिलाई की टीम ने निकाली स्वच्छता रैली, शहर को कचरा मुक्त बनाने ली शपथ, जनप्रतिनिधियों के साथ लोगो ने भी थामा झाड़ू

भिलाई नगर/ इंडियन स्वच्छता लीग के अंतर्गत आज नगर पालिक निगम भिलाई के सभी जोन क्षेत्रों में स्वच्छता को लेकर जागरूकता रैलियां निकाली गई, भिलाई शहर को कचरा मुक्त बनाने के लिए शपथ लिया गया, जनप्रतिनिधियों के साथ स्थानीय लोगों ने भी झाड़ू लेकर कचरों की सफाई की। देश में पहली बार इंटरसिटी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। महापौर नीरज पाल एवं निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर के अपील पर आज सभापति गिरवर बंटी साहू, स्वच्छता विभाग के प्रभारी लक्ष्मीपति राजू, महापौर परिषद के सदस्य आदित्य सिंह, चंद्रशेखर गवई, रीता सिंह गेरा, मन्नान गफ्फार खान, जोन अध्यक्ष रामानंद मौर्या व जलंधर सिंह, स्वच्छता के ब्रांड एंबेसडर धनराज पांडे, पार्षद हरिओम तिवारी, एन शैलजा राजू, इंजीनियर सलमान, ईश्वरी नेताम, सेवन ठाकुर ने लोगो के साथ मिलकर स्वच्छता संबंधित गतिविधियां अपनाते हुए जन जागरूकता प्रसारित किया। इस दौरान अधिकारियों में विशेष रूप से जोन आयुक्त मनीष गायकवाड सहायक अभियंता आलोक पसीने, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, जोन स्वास्थ्य अधिकारी सुदामा परघनिया, अंकित सक्सेना, महेश पांडे, वीके सैमुअल, अनिल मिश्रा एवं स्वच्छता निरीक्षक वीरेंद्र बंजारे, पीआईयू शुभम पाटनी एवं अभिनव ठोकने आदि मौजूद रहे।





# पानी की बर्बादी रोकने नलों में लगाएं टोटी, निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने दिए सख्त निर्देश

भिलाई नगर/ निगमायुक्त लोकेश चंद्राकर अपने नियमित मॉर्निंग विजिट के दौरान वार्ड क्रमांक 46 दुर्गा मंदिर क्षेत्र में निरीक्षण के लिए पहुंचे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने एक स्थान पर सार्वजनिक नल से पानी बहते हुए देखाकरें और आवश्यकता होने पर ही टोटी खोलकर पानी लेवे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने चेंबर लगाकर गटर वाले स्थानों को ढकने के निर्देश भी दिए। इसके साथ ही आयुक्त ने सड़क किनारे पड़े मलबा के लिए जिम्मेदार को नोटिस जारी करने और उसके बाद भी नहीं हटाने पर संबंधित के विरुद्ध जुर्माना की कार्यवाही करते हुए मलबा जब्ती करने के निर्देश । यह देखकर निगमायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सार्वजनिक नलों में पानी की बर्बादी को रोकने के लिए टोटी का इंतजाम करें। उन्होंने आम नागरिकों से भी अपील की पानी की बर्बादी को रोकने के लिए घरों में टोटी का प्रबंध दिए हैं। सफाई को लेकर भी निगम आयुक्त ने अंदरूनी क्षेत्रों के गली, मोहल्लों का निरीक्षण किया। डोर टू डोर कचरा कलेक्शन की स्थिति भी देखी। उल्लेखनीय है कि महापौर नीरज पाल ने सफाई को लेकर अधिकारियों को विशेष निर्देश दिए हैं। आज के आयुक्त के निरीक्षण के दौरान जोन स्वास्थ्य अधिकारी महेश पांडे विशेष रूप से मौजूद रहे।



# कोविड-19 से निपटने लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल में बड़ी तैयारी

भिलाई नगर/ लाल बहादुर शास्त्री सुपेला अस्पताल में आज 10 बिस्तर आइसोलेशन वार्ड का शुभारंभ हुआ। इसी के साथ ही कोरोना के जंग में आइसोलेशन वार्ड शामिल हो गया है, भिलाई शहर वासियों को इसके लोकार्पण होने से काफी राहत मिलेगी। महापौर नीरज पाल ने इस अवसर पर कहा कि कोविड की लड़ाई में आइसोलेशन वार्ड महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी, अस्पताल में सुविधाएं अपडेट हो रही है, इसका सीधा लाभ शहर वासियों को मिलेगा। महापौर नीरज पाल ने इस अवसर पर कहा कि कोविड की लड़ाई में आइसोलेशन वार्ड महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी, अस्पताल में सुविधाएं अपडेट हो रही है, इसका सीधा लाभ शहर वासियों को मिलेगा। अस्पताल के प्रभारी डॉक्टर पीएम सिंह ने बताया कि इस आइसोलेशन वार्ड में कोविड-19 के सस्पेक्टेड लोगों को रखा जाएगा। उल्लेखनीय है कि नाबार्ड से प्राप्त राशि के उपयोग से आइसोलेशन वार्ड का निर्माण किया गया है। कोरोना वायरस की लड़ाई में अस्पताल परिसर में 500 पीपीएम क्षमता का ऑक्सीजन प्लांट भी लगाया गया है, संक्रमण काल में ऑक्सीजन की कमी को देखते हुए इसके प्लांट की स्थापना की गई है।



# मोर मकान-मोर आस घटक के अंतर्गत किराएदारी में निवासरत हितग्राहियों के लिए निगम के विभिन्न क्षेत्रों में, 2465 आवास आबंटन के लिए उपलब्ध

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत मोर मकान मोर आस घटक के अंतर्गत किराएदारी में निवासरत हितग्राहियों के लिए निगम के विभिन्न स्थलों में 2465 आवास आबंटन के लिए उपलब्ध है। आबंटन के लिए पंजीयन आवेदन कार्यालयीन समय में 14 अक्टूबर 2022 शाम 5:00 बजे तक नगर पालिक निगम भिलाई कार्यालय के कक्ष क्रमांक 16 योजना शाखा में 100 रुपए का नगद भुगतान करके प्राप्त किया जा सकता है। पात्रता से संबंधित संपूर्ण दस्तावेज संलग्न कर आवेदन 27 अक्टूबर 2022 तक नगर पालिक निगम भिलाई के कक्ष क्रमांक 16 योजना शाखा में जमा करना होगा। उपलब्ध आवासीय फ्लैट इस प्रकार से है उपलब्ध निर्माणाधीन आवासों की संख्या की बात करें तो माइलस्टोन स्कूल के पास भिलाई वार्ड क्रमांक 1 में 402 आवास, ग्रीन वैली खमरिया भिलाई वार्ड क्रमांक एक में 84 आवास, सूर्या विहार के पीछे खमरिया भिलाई वार्ड क्रमांक एक में 840 आवास, सूर्या विहार के पीछे खमरिया भिलाई वार्ड क्रमांक एक में 493 आवास, अविनाश मेट्रोपॉलिश भिलाई वार्ड क्रमांक 7 में 58 आवास, केईसी के पीछे खमरिया भिलाई वार्ड क्रमांक एक में 322 आवास, एनआर स्टेट खमरिया भिलाई वार्ड क्रमांक एक में 210 आवास एवं आम्रपाली फेस 2 भिलाई वार्ड क्रमांक 25 में 56 आवास उपलब्ध है। इन सभी आवासों में भूतल, प्रथम तल, द्वितीय तल एवं तृतीय तल में आवास है।



# भिलाई में सेंटर ऑफ़ अट्रैक्शन बनेगा रामनगर मुक्तिधाम तालाब

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के एमआईसी कक्ष में आज महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता और आयुक्त लोकेश चंद्राकर तथा अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी की उपस्थिति में महापौर परिषद की बैठक संपन्न हुई। बैठक में आज महापौर परिषद ने वैशाली नगर क्षेत्र अंतर्गत रामनगर मुक्तिधाम तालाब के सौंदर्यीकरण कार्य को मंजूरी दी है। तालाब के सौंदर्यीकरण में लोगों की सुविधाओं को देखते हुए घूमने के लिए पाथवे, आकर्षक पौधे, पोस्ट लैंप, बैठने के लिए गार्डन चेयर, गाजिबो, फ्लावर पॉट, लैंडस्कैपिंग, वॉल फाउंटेन, चारों ओर सुरक्षित घेरा के लिए फेंसिंग, भव्य आकर्षक द्वार, रात में पूरे क्षेत्रफल को रोशनी प्रदान करने के लिए हाई मास्क लाइट, पेवर ब्लॉक युक्त पाथवे, शौचालय की सुविधा, छठ पर्व को देखते हुए घाट निर्माण, चेंजिंग रूम की सुविधा, मनोरंजन के लिए बोटिंग जोन, बच्चों के खेलने के लिए चिल्ड्रन पार्क इत्यादि सुविधाएं मौजूद होंगी। यही नहीं रामनगर मुक्तिधाम पहुंच मार्ग के सड़कों का डामरीकरण भी होगा, गौरव पथ से आजाद चौक होते हुए मुक्तिधाम के सामने एवं पॉपुलर साइकिल स्टोर से आजाद चौक तक डामरीकरण किया जाएगा। महापौर नीरज पाल की शहर सरकार ने आज भिलाई को कई महत्वपूर्ण सौगात दी है जोकि लोगों की आवश्यकताओं से जुड़ा हुआ है। आज की बैठक में महापौर परिषद के सदस्य लक्ष्मीपति राजू, सीजू एंथोनी, संदीप निरंकारी, एकांश बंछोर, साकेत चंद्राकर, चंद्रशेखर गवई, नेहा साहू, केशव चौबे, आदित्य सिंह, मन्नान गफ्फार खान, रीता सिंह गेरा एवं मीरा बंजारे मौजूद रहे।



# भिलाई शहर के सार्वजनिक स्थानों से निगम हटा रहा है अवैध पोस्टर एवं प्रचार सामग्री

भिलाई नगर/ शहर को स्वच्छ एवं सुंदर रखने की दिशा में भिलाई निगम सतत कार्य कर रहा है और इसी कड़ी में अवैध पोस्टर एवं पॉम्प्लेट, होर्डिंग जैसे प्रचार सामग्री हटाए जा रहे हैं, इस पर भिलाई निगम प्रतिदिन कार्रवाई कर रहा है। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत अवैध पोस्टर एवं प्रचार सामग्रियों को आज भी दिन भर हटाने का काम किया गया। मुख्यतः सुपेला चौक से लेकर गदा चौक तक के अवैध प्रचार सामग्री हटाए गए। चेतावनी देने के बाद भी अवैध पोस्टर एवं होर्डिंग तथा प्रचार सामग्री लगाने वालों पर आज जुर्माना भी लगाया गया, कार्रवाई के दौरान 7 दुकानों से 5600 रुपए जुर्माना वसूल किया गया। निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर एवं अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी ने अवैध प्रचार सामग्री एवं बेतरतीब पोस्टर को शासकीय संपत्ति के स्थानों से हटाने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। निगम आयुक्त के आदेश के परिपालन में निगम का अमला सड़क किनारे से तथा विद्युत पोल में लगे अवैध प्रचार सामग्रियों को हटाने की कार्रवाई कर रही है। इसी के साथ ही डिवाइडर के ऊपर लगे हुए अवैध प्रचार सामग्रियों को भी हटाया गया, मुख्य सड़कों के किनारे से कई सारे प्रचार सामग्री हटाए गए। कई पोस्टर एवं प्रचार, सामग्री काफी दिनों से पोल पर लगे हुए थे, कई प्रचार सामग्री तो सड़क के लिए बाधक बन रहे थे, इन सभी पोस्टर, होर्डिंग को निकाला जा रहा है।



# कर्मचारियों को दी स-सम्मान विदाई

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई से आज 6 अधिकारी/कर्मचारी सेवानिवृत्त हो गए। इसमें मुख्य अभियंता संजीव ब्योहार भी शामिल है। कुछ महीने पूर्व ही तबादला होकर यह भिलाई निगम में पदस्थ हुए थे और रिटायरमेंट के आखरी समय पर भिलाई निगम में उन्होंने अपनी सेवाएं दी। इसके अलावा पांच निगम के अन्य कर्मचारी जिसमें पंप सहायक एवं वार्ड प्यून तथा हेल्पर/क्लीनर जैसे वर्ग के कर्मचारी भी सेवा निवृत्त हो गए। आज इन सभी अधिकारी/कर्मचारियों को सम्मानित करते हुए निगम से इनको विदाई दी गई। सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों में खबलू राम साहू पंप सहायक जोकि जोन क्रमांक 3 मदर टैरेसा नगर में, दिलीप शर्मा पंप सहायक शिवाजी नगर जोन क्रमांक 4 में, प्रदीप शर्मा पम्प सहायक सेक्टर 6 जोन क्रमांक 5 में, भरत लाल निषाद वार्ड प्यून शिवाजी नगर जोन क्रमांक 4 में तथा तुलाराम साहू हेल्पर/क्लीनर भवन संधारण विभाग में पदस्थ थे। यह सभी कर्मचारी आज भिलाई निगम से रिटायर हो गए हैं।




**Editorial Board**

श्री लोकेश चंद्राकर
रा.प्र.से.
आयुक्त
नगर पालिक निगम
भिलाई

**Contact & Address**

श्री पी.सी सार्वा
जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम
भिलाई